प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में अंठावन लाख चौरासी हजार मतदाता करेंगे चौवन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला, गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भी वोटिंग कल।
2. तीन हजार पुलिस अधिकारियों और सैंतालीस हजार जवानों की मौजूदगी में कल होगा पांचवें चरण का मतदान, सभी आवश्यक तैयारियां पूरी।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घाटशिला और पुरूलिया में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार, कहा– देश को सशक्त बनाने के लिए भाजपा को करें वोट।
4. कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रांची में कहा– इंडी गठबंधन को मिलेगा बहुमत, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने चंदनक्यारी में कांग्रेस प्रत्याशी अनुमपा सिंह के पक्ष में मांगे वोट।

और

5. राजधानी रांची में झमाझम बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, राज्य के कुछ हिस्सों में अगले छह दिनों तक हो सकती है बारिश, हीटवेव को लेकर भी आठ जिलों में मौसम विभाग का येलो अलर्ट।

****

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड की तीन संसदीय सीटों पर चतरा, कोडरमा और हजारीबाग के साथ गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल सुबह सात बजे से शाम के पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त के. रवि कुमार ने बताया कि हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में छह हजार सात सौ पांच बूथों पर अनठावन लाख चौंतीस हजार छह सौ अठारह मतदाता 54 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

चतरा में भाजपा की ओर से कालीचरण सिंह और इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस नेता के. एन त्रिपाठी के बीच मुख्य मुकाबला है। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कांग्रेस नेता जेपी पटेल आमने–सामने हैं। वहीं कोडरमा में केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा नेता अन्नपूर्णा देवी, निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा और इंडी गठबंधन के साझा प्रत्याशी सह भाकपा माले विधायक विनोद सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए तीन सौ पचहत्तर बूथों पर तीन लाख सोलह हजार दो सौ चौदह मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यहां पर इंडी गठबंधन से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और एनडीए की ओर से दिलीप कुमार वर्मा चुनावी मैदान में हैं।

कल होने वाले चुनाव के लिए बीस हजार अर्द्धसैनिक बलों के अलावा सत्ताईस हजार राज्य बल के जवान शामिल हैं जबकि तीन हजार पुलिस पदाधिकारियों की भी तैनाती की गई है।

****

चुनावी प्रक्रिया के तहत मतदान को गतिशील बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की तरफ से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी बिद्युत वरण महतो के लिए जनता से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव देश को और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए भविष्य को चुनता है। चुनाव में राष्ट्रीय सुरक्षा की बात होनी चाहिए। इंफ्रास्ट्रक्चर पर बात होनी चाहिए। विकास की बात होनी चाहिए लेकिन कांग्रेस–झामुमो को देश के विकास से मतलब नहीं।

घाटशिला के बाद श्री मोदी ने झारखंड से सटे पश्चिम बंगाल के पुरूलिया में भी जनसभा कर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

****

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रांची में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि देश में अगली सरकार इंडी गठबंधन की बनने वाली है। देश के युवा किसान और महिला वर्ग में एक नया उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय समेत अन्य केंद्रीय एजेंसियों को विपक्ष के पीछे लगा दिया गया है।

****

झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने आज बोकारो जिले के चंदन कियारी सूर्यडीह मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए धनबाद लोकसभा से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। श्रीमती सोरेन ने राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने देश बनाया है तो आज देश को बचाने की जिम्मेदारी भी कांग्रेस को ही उठानी पड़ेगी।

****

रांची लोक सभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ ने आज रांची में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन संकल्प सभा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जब–जब कांग्रेस के सहयोग से सरकारी बनी है भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि उनके शासन काल में अधिकारियों और मंत्रियों के पास से करोड़ों रुपए की बरामदगी होती है। कार्यक्रम के दौरान रांची के विधायक सीपी सिंह भी मौजूद थे।

****

रांची लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान होना है। इसे लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने आज नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने पर चर्चा की गयी।

****

राजधानी रांची और इसके आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की ओर से येलो अलर्ट की चेतावनी जारी करते हुए कहा गया है कि राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में अलगे छह दिनों तक गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं कल गढ़वा, पलामू, देवघर,

जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहेबगंज में कहीं कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है।

********समाप्त********